दैनिक जागरण 03/04/2025

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नैन्सी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



डीएवी कालेज में विजेता छात्रा। ● सौजन्य स्वयं।

**जागरण संवाददाता●अंबाला शहर** : अंबाला शहर के डीएवी कालेज की वूमेन सेल की ओर से राज्य स्तरीय पीपीटी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें राज्य भर से 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जीएमएन कालेज अंबाला शहर की छात्रा नैंसी ने प्रथम स्थान, सरकारी महिला महाविद्यालय की छात्रा मन्नत ने द्वितीय और देव समाज महाविद्यालय की छात्रा डिंपी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डीएवी कालेज अंबाला शहर की छात्रा निशा और हरप्रीत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो वितरित किए गए। प्रथम विजेता को एक हजार, द्वितीय को 700 व तृतीय को 500 का नगद पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष शिवानी डावर व सदस्य डा.मधु गोयल ने बच्चों को भविष्य में ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।